वेदांता ने सरकारी स्कूल को दिया आरओ सिस्टम

मानसा के गांव मानबिबडिया में शुक्रवार को आरओ सिस्टम भेंट करने पहुंचे वेदांता कंपनी के अधिकारी। जागरण

जासं, मानसा : तलवंडी साबो पावर प्लांट बनाने वाली कंपनी वेदांता ने शुक्रवार को गांव मानबिबडिया के सरकारी स्कूल को आरओ भेंट किया ताकि यहां के विद्यार्थी शुद्ध पेयजल पी सकें। आरओ प्लांट का उद्घाटन सरपंच मनप्रीत सिंह व वेदांता ग्रुप के डॉ. विशाल अग्रवाल ने किया।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भूजल पीने योग्य नहीं है। स्कूली विद्यार्थी यह भूजल पीने को मजबूर थे। बच्चों को बीमारियों से दूर रखने के लिए वेदांता समूह द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों को आरओ प्लांट भेंट किए जा चुके हैं। इस मौके पर स्कूल के मुख्य अध्यापक रुपिंदर पाल, बिकर सिंह तथा जगतार सिंह सहित समूह स्कूल अध्यापक मौजूद थे।